हरिभूमि
# विंध्य भूमि
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना
जबलपुर, शनिवार 14 जून 2025
login : www.haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना बहुत ही दुखद - सुरेंद्र शर्मा

**सतना।** जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना बहुत ही दुखद और हृदय विदारक घटना है इस दुर्घटना से सैकड़ों परिवार के सदस्यों ने अपने परिजन खोये, हंसी खुशी मातम में बदल गयी मै दिवंगत आत्माओं के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को इस महान दुख की घड़ी में शहन शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

### महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 23 जून तक

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 की परीक्षा में चयनित एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर से संबंधित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 13 जून से किया जा रहा है। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

### कक्षा 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा के लिये कार्यवाही सुनिश्चित करें

**सतना।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा 17 जून से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा के संचालन हेतु केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की जानी है। डिप्टी कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी सतना को नियुक्त संबंधी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### दर्शनार्थियों की कार पलटी, कई घायल

**मैहर।** मैहर से दर्शन कर जौनपुर जा रही दर्शनार्थियों से भरी आर्टिगा कार अनियंत्रित ठोकर पलट गई। कार में 5 लोग थे सवार। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को स्थानीय पुलिस ने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

### चाकू के साथ युवक को पकड़ा

**मैहर।** झुकेही चौकी थाना पुलिस ने स्प्रिंगनुमा चायनीज चाकू रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी पुलिस के द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान आरोपी को पकड़ा गया है जिसका नाम मो. यासीन उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01 नया मोहल्ला सिहोरा थाना सिहोरा जिला जबलपुर है ।आरोपी के खिलाफ धारा 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय अपराध होने से मौके पर ही आरोपी की मोटरसाइकल क्रमांक एमपी 19 जेडडी 2018 तथा एक अदद स्प्रिंगनुमा चायनीज चाकू जप्त की गई है।

### विकसित भारत का सपना पूरा किया मोदी ने : चतुर्वेदी

**मैहर।** केंद्र सरकार के सफलता पूर्ण 11 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे मध्य प्रदेश में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल की उपलब्धि को लेकर के पूरे देश भर में उत्सव मनाया जा रहा है उसी कड़ी में मैहर जिले में आज बदेरा मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मंडल प्रभारी श्रीनिवास चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र पांडे एवं युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह बुंदेला एवं सैकड़ो की तादाद पर स्थानीय वरिष्ठ जन उपस्थित रहे इस अवसर पर स्वागत भाषण करते हुए मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की एवं मुख्य वक्ता मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि आजादी के 75 सालों में ऐसा समय भी आया है जब विकसित भारत का सपना 150 करोड़ देश की जनता ने जो देखा था उसे केवल देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है लगातार 18 घंटे काम करने वाले देश के प्रधानमंत्री निरंतर किसानों महिलाओं और देश के हित में काम करते चले आ रहे हैं।

# विमान हादसे पर भाजपा ने जताया शोक, दी श्रद्धांजलि



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरहुत नगर में एक शोकसभा का आयोजन कर अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दुर्घटना में बड़ी संख्या में लोगों की दुखद मृत्यु पर भाजपा पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित दुर्घटना में काल के गाल में समा गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ₹यह घटना अत्यंत पीड़ादायक और असहनीय है। इससे पूरा देश स्तब्ध है। हम दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हैं और ईश्वर से कामना करते हैं कि शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति मिले। इस कठिन समय में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। भाजपा पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी और उनके प्रति संवेदना प्रकट की।शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी महापौर योगेश ताम्रकार वरिष्ठ नेता पंडित रामदास मिश्रा पुष्पराज बागरी पूर्व महापौर ममता पांडेय, जिला महामंत्री रमाकांत गौतम जिला उपाध्यक्ष किरण सेन बालेन्द्र गौतम जिला मंत्री शुभम तिवारी कोषाध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता जिला कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी अभिषेक तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू, रविन्द्र सिंह सेठी एड अरविन्द मिश्रा दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी सीमा सिंह मनीषा सिंह नीता सोनी आशा शुक्ला महेंद्र तिवारी पवन पांडेय डॉ अमित पांडेय परशुराम गुप्ता आयुषी तिवारी अर्चना पटेल लता दुबेदी सावित्री यादव करन सिंह वीरेंद्र तिवारी प्रभा पांडेय अजय विश्वकर्मा विजय अग्रवाल शिवा कांत पांडे हेमंत पांडेय शैलेन्द्र शास्त्री रवि जयसवाल शुभम साहू मिथलेश पटेल ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।


# सतना को मिला अपना पहला MR.DIY स्टोर

अब किफायती ज़रूरतें आपके और करीब




**सतना।** एशिया के सबसे बड़े होम इम्प्रूवमेंट रिटेलर्स में से एक MR.DIY अब सतना में अपना पहला स्टोर खोलने जा रहा है। यह नया स्टोर तिवारी टावर, रीवा रोड, रेलवे कॉलोनी में स्थित होगा। यह उद्घाटन मध्य प्रदेश में ब्रांड के निरंतर विस्तार का हिस्सा है और सतना के लोगों के लिए लेकर आएगा MR.DIY का वादा, ढेर सारी वैरायटी, किफायती दाम और पूरे परिवार के लिए मज़ेदार शॉपिंग का अनुभव। इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए, MR.DIY 13 से 15 जून तक एक भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसमें लाइव म्यूज़िक, पॉपकॉर्न और कॉटन कैंडी काउंटर जैसी मज़ेदार गतिविधियाँ होंगी। इसके अलावा, जो ग्राहक एक ही बिल में 1,000 या उससे अधिक की खरीदारी करेंगे, उन्हें एक फ्री बॉटल भी भेंट की जाएगी।


# राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रतिशत दर बढायें-कलेक्टर



### राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश

सतना। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने आर.सी.एस.एस. पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों और उनके निराकरण की स्थिति में सुधार लाते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण की दर 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम आरएन खरे, जीतेन्द्र वर्मा, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, सुमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे। राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने न्यायालयवार आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज राजस्व प्रकरणों एवं निराकरण की समीक्षा की। आरसीएमएस पोर्टल पर कुल 32 राजस्व न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों की संख्या 33 हजार 947 रही। जबकि निराकृत प्रकरणों की संख्या 16 हजार 406 पाई गई। प्रकरणों के निराकरण का औसत प्रतिशत 48 फीसदी पाया गया। कलेक्टर ने निराकरण का प्रतिशत 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिये है। बंटवारा के कुल दर्ज 2001 प्रकरणों में 1114 प्रकरणों का निराकरण और नामांतरण के 11019 दर्ज प्रकरणों में 6229 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार सीमांकन के कुल दर्ज 5313 प्रकरणों में से 3336 का निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान समय में खेत खाली है। सीमांकन करने का यह समय सर्वथा उपयुक्त है। अतः सीमांकन प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण करें। सुनिश्चित करें कि नामांतरण और बंटवारा के कोई भी प्रकरण 6 माह से अधिक और सीमांकन के प्रकरण 3 माह से अधिक समय तक लंबित नहीं रहे। राजस्व न्यायालयों में दर्ज 2 से 5 वर्ष के प्रकरणों की संख्या कम करें और निराकरण का प्रतिशत बढाये। सीमांकन के दौरान सरहदी काश्तकारों को सूचना की तामीली अनिवार्य होगी। एसडीएम मझगवां की कोर्ट में 5 प्रकरण सहित कुल 15 प्रकरण 5 वर्ष से अधिक समय के है। इसी प्रकार नागौद तहसील में 89, अटरा में 30, सज्जनपुर में 13 प्रकरण 2 से 5 वर्ष तक के लंबित है। इनका शीघ्र निराकरण करें।

# सतना में कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में धांधली, मुरैना के युवक ने दूसरे से दिलवाई परीक्षा



### कई बार अपडेट किया आधार, आरोपी गिरफ्तार

**सतना। पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में दस्तावेज सत्यापन के दौरान एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। गुरुवार को ज्वाइनिंग के लिए आया एक आरक्षक दस्तावेज जांच के दौरान पकड़ा गया, जो जाली दस्तावेजों के आधार पर भर्ती की अंतिम प्रक्रिया में शामिल होने पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है।**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान सौरभ कुमार शर्मा निवासी बेराई, जिला मुरैना के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि परीक्षा किसी और ने दी थी, लेकिन ज्वॉइनिंग के समय आधार अपडेट कर खुद को असली अभ्यर्थी बताकर वह भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो गया था।

### दस्तावेजों की जांच में मिला फर्जीवाड़ा

सतना में चल रही आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत जब सौरभ शर्मा दस्तावेज जांच के लिए पहुंचा, तो उसकी गतिविधियां संदिग्ध नजर आईं। एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में दस्तावेजों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान सौरभ के दस्तावेजों की जांच में अनियमितता पाई गई। सिविल लाइन टीआई योगेन्द्र सिंह ने बताया जांच में खुलासा हुआ है कि सौरभ ने कई बार अपना आधार अपडेट कराया था, ताकि असली परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की जगह खुद जॉइनिंग कर सके। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि सौरभ ने परीक्षा नहीं दी थी। वह किसी अन्य व्यक्ति से परीक्षा दिलवाकर अब खुद फर्जी तरीके से पद पर नियुक्ति पाने पहुंचा था।

### आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में फर्जीवाड़ा सामने आते ही पुलिस ने सौरभ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# अमदरा व घुनवारा क्षेत्र में शराब कारोबार का गढ़

### शराब ठेकेदार कर रहे कानून व्यवस्था का उल्लंघन

**मैहर।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग से घुनवारा अमदरा दोनों दुकान कानून का उल्लंघन कर दो वर्षों से लगातार धड़ल्ले चलाई जा रही दुकान।जिले अंतर्गत अमदरा घुनवारा शराब दुकान से खुलेआम शराब की तस्करी होती है, अमदरा थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में बिक रही शराब इसका प्रमाण है, आखिर नशे के विरुद्ध अभियान करने वाली पुलिस क्यों मौन रही है, या ग्रामीण अंचलों में जो शराब पकड़ती है वह शराब कहा से आई क्या इसका पता लगाती है, मैहर के अन्य हिस्सों को चर्चित कर दवे पैर शराब कारोबारी अमदरा घुनवारा क्षेत्र में पैर पसार चुके है जो गांव गली अवैद्य शराब की पैकारी बिक्री करवाते है, सभी राजनैतिक दल और प्रशासन की चुप्पी समाज और युवाओं को इस नशे के कारोबार के कारण नशे के आगोश में डालती जा रही है । अमदरा घुनवारा क्षेत्र में दबे पैर अवैध शराब का कारोबार करने वालों को मोहल्ले गली चौराहे में पकड़ कर इनका पर्दाफाश करना होगा तब युवा समाज नशे के कारोबार से मुक्त हो पायेगा । ये अवैध शराब कारोबारी पुलिस की मुहिम ₹एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान को भी ठेंगा दिखा रहे हैं और आबकारी पुलिस एवं अमदरा थाना पुलिस इन अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ कोई कार्रवाई करते नजर नहीं आ रही है। शायद सिक्को की खनक के आगे नतमस्तक है? क्या इन शराब माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई कर पायेंगे ?

# सीमेंट प्लांट में न्यूनतम वेतन को लेकर मजदूरों की हड़ताल

आम आदमी पार्टी का समर्थन

मैहर। केजेएस सीमेंट प्लांट में कार्यरत मजदूरों को निर्धारित न्यूनतम वेतन न मिलने के विरोध में पैकिंग प्लांट के मजदूरों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। मजदूर लंबे समय से अपने हक के लिए आवाज़ उठा रहे हैं, लेकिन प्रबंधन द्वारा लगातार अनदेखी किए जाने से यह निर्णय लेना पड़ा। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर पुष्पेन्द्र सिंह ने मजदूरों की इस जायज़ मांग का समर्थन करते हुए कहा मजदूरों को उनका हक़ दिलाना हमारी प्राथमिकता है। प्रबंधन को चेतावनी दी जाती है कि यदि मजदूरों की मांगें तुरंत नहीं मानी गईं तो आम आदमी पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# पुलिया बंद करने पर नाराज हुए लोग, आधी रात रुकवाया काम

**सतना। गौशाला चौक से डालीबाबा मार्ग पर चल रहे आरसीसी सड़क निर्माण को लेकर गुरुवार रात स्थानीय निवासियों ने विरोध किया। वार्ड 35 के निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पहले से मौजूद 4 नालों की पुलिया को बंद कर सड़क का निर्माण किया जा रहा है।**

स्थानीय लोगों की चिंता है कि पुलिया के बिना बरसात का पानी उनके घरों में भर जाएगा। पहले इन पुलियों के माध्यम से पश्चिम से पूर्व की ओर पानी का बहाव होता था। विरोध के चलते ठेकेदार को पोकलेन मशीन से डाली गई कंक्रीट को हटाना पड़ा और निर्माण कार्य रोकना पड़ा।

### बरसात में होगी जलभराव की समस्या

वार्ड पार्षद रमेश शुक्ला ने बताया कि उन्होंने इस समस्या के बारे में पहले ही महापौर और नगर निगम आयुक्त को अवगत करा दिया था। उनका आरोप है कि डामर रोड की जगह 5 फीट ऊंची कंक्रीट सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इससे आसपास के मकान और दुकानें सड़क स्तर से नीचे हो जाएंगी। जिससे बरसात में जलभराव की समस्या उत्पन्न होगी। स्थानीय निवासियों की मांग है कि पहले नालों की पुलिया का निर्माण किया जाए, उसके बाद ही सड़क का काम शुरू हो।

# साइबर एवं महिला अपराधों से बचाव सहित ट्रैफिक रूल्स का पालन करने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद पुलिस ने पुलिस ग्राम सरसवाही में एक महत्वपूर्ण जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, यातायात नियमों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करना था। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने ग्रामीणों को इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी और उनकी समस्याओं को सुना। जन संवाद में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिनमें ग्राम सरसवाही के सरपंच, सचिव और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और अपनी समस्याओं को साझा किया।

जन संवाद में ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध और यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, ग्राम सचिव को वरिष्ठ अधिकारियों, थाना प्रभारी और बीट के अधिकारी, कर्मचारियों के मोबाइल नंबर देकर सार्वजनिक स्थान पर पेंट से लिखवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस की इस पहल से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी है और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच मिला है। पुलिस की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है और इससे ग्रामीणों और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित होने की उम्मीद है।

# सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

रात में बाइक से घूमने निकले थे नाबालिग, खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराए

**सतना।** मझगवां थाना क्षेत्र में गुरुवार रात दो चचेरे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों एक रिश्तेदार की बाइक लेकर घूमने निकले थे, इसी दौरान झरी गांव के पास सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए।

पुलिस के अनुसार, सांड़ा गांव निवासी अंकित यादव 16 वर्ष और अंशु यादव 16 वर्ष रिश्ते में चचेरे भाई थे। दोनों गुरुवार रात को अपने घर आए एक रिश्तेदार की बाइक लेकर गांव के बाहर घूमने निकले थे। लौटते समय झरी गांव के पास सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक जा टकराई।

### सिर में लगी गंभीर चोट, मौके पर ही मौत

हादसे में दोनों को सिर में गहरी चोट लगी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। शवों को मझगवां अस्पताल की मरचुरी में रखवाया गया है।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा फैल गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है।

# उर्वरक वितरण कराने अधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के द्वारा जिले में आगामी खरीफ सीजन 2025 हेतु कृषकों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश समय-सीमा बैठक में दिए गए थे। विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई द्वारा आदेश जारी कर सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये अधिकारी सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर किसानों को उर्वरक वितरण कराना एवं सहकारी समिति एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के स्कंसध भंडारण का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।विजयराघवगढ़ एसडीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार हरिओम चंद्रवंशी पीएसीएस विजयराघवगढ़ एवं विजयराघवगढ़ के अंतर्गत समस्तच उर्वरक विक्रेताओं के यहां उर्वरक वितरण का कराना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार देव रघुवंशीपीएसीएसकारीतलाई एवं कारीतलाई एवं बम्हौरी के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, मुकेश डुडबे पीएसीएसटीकर (सलैया कोहारी) एवं टीकर एवं शिवधाम (दुर्जनपुर) के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, यू.आर. वामनकर पीएसीएस सिनगौड़ी एवं सिनगौड़ी के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, विशाल कनेल पीएसीएसनन्हवारा एवं अमेहटा तथा नन्हवारा एवं अमेहटा के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, प्रेमलाल पीएसीएस जिवारा एवं बरहटा तथा जिवारा एवं बरहटा के अंतर्गत समस्त निजि उर्वरक विक्रेताओं के यहां ड्यूटी लगाई गई है।

वी.एस. बाल्मीक प्रियदर्शिनी नगद उर्वरक विक्रय केंद्र रजरवारा नं0-1 एवं हथेड़ा के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, राहुल सोनानिया पीएसीएस उबरा एवं गैरतलाई के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, श्याम मण्डलोई पीएसीएस देवराकलां एवं भैंसवाही के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, राहुल जाटव पीएसीएस बरही एवं नगद विक्रय केंद्र बरही तथा बरही के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, ब्रम्हानंद परस्ते पीएसीएस पिपरियाकलां एवं पिपरियाकलां के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओंतथा रामावतार गांधी पीएसीएस खितौली एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### विधायक के प्रयासों से मिली विद्युत सब स्टेशन की सौगात



**पन्ना।** पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टिकुरिहा एवं लक्ष्मीपुर में विद्युत सब स्टेशन की सौगात मिली है। इससे धरमपुर, बृजपुर एवं रमखिरिया क्षेत्र में भी विद्युत की लो वोल्टेज एवं पॉवर कट की समस्या से निजात मिलेगी। क्षेत्रीयजनों की मांग पर विधायक श्री सिंह ने विधानसभा में विद्युत सब स्टेशन की मांग ऊर्जा मंत्री के समक्ष रखी थी। विद्युत सब स्टेशन की मांग पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों ने स्थानीय विधायक का आभार जताया है। चार करोड़ 23 लाख रूपए की लागत से उक्त दोनों विद्युत सब स्टेशन का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त पूर्व मंत्री एवं विधायक द्वारा रूंझ बांध से विस्थापित आदिवासी बाहुल्य परिवारों की नवीन बस्ती आरामगंज एवं विश्रामगंज में भी विद्युतीकरण के संबंध में प्राक्कलन व तकनीकी स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### स्टेट बैंक के पास मोटर साइकिल को अज्ञात टेंपो ने मारी टक्कर, महिला घायल

**अमानगंज-** नगर के स्टेट बैंक के पास एक बाइक को किसी अज्ञात टेंपो ने टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार महिला के सिर में गंभीर चोट आई। घटना के विषय में प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सिरी निवासी सीजपाल चौधरी मोटरसाइकिल से अमानगंज मां ज्वाला इंडेन गैस एजेंसी केवाईसी कराने अपनी पत्नी को लेकर जा रहा था कि तभी स्टेट बैंक के पास किसी अज्ञात टेंपो चालक ने उसे टक्कर मार दी घटना में उसकी पत्नी सीता पति सीजपाल चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिरी घायल हो गई और उसके सिर में गंभीर चोट आई। जिसे लेकर युवक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचा जहां घायल महिला का उपचार जारी है।

### लापरवाह चालक को एक साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर दो लोगों चोटिल करने वाले एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर डेढ़ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।प्रकरण में पैरवी एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने किया।प्रकरण करीब 8 साल पुराना है। एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने बताया कि 15 फरवरी 2017 को शाम करीब सवा आठ बजे उमरियापान थाना क्षेत्र के मूलचंद लोधी और रामगोपाल लोधी दोनों साइकिल से डूंडी गांव जा रहे थे। स्लीमनाबाद रोड़ में पंप हाउस के पास मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 एमएफ 8873 से आ रहे उमरियापान निवासी रत्नेश पिता गरिजानंदन चौरसिया (42)ने सामने से टक्कर मार दी। घटना में दोनों को चोटों पहुचीं। पीड़तिों ने घटना की शिकायत उमरियापान पुलिस थाने में की थी।

आरोपी के कब्जे से 6 किलो 700 ग्राम 2 हरे गाँजा के पेड़ कीमत करीब 60000/-रूपये का जप्त

# अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के हरे पेड़ लगाये जाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) का परिवहन, ब्रिकय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना वंदना सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमें गठित की गई हैं । इसी तारतम्य में दिनांक 12.06.25 को थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पन्ना हीरापुर टपरियन का अरविन्द कोंदर पिता रज्जू उर्फ रज्जन लाल कोंदर उम्र 30 साल निवासी हीरापुर टपरियन थाना कोतवाली पन्ना अपने घर के पीछे खेत बारी मै अवैध रूप से गाँजा के पेड लगाये है थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना द्वारा तत्काल उक्त सूचना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना कोतवाली पन्ना में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मुखबिर के बताये स्थान आरोपी के घर हीरापुर टपरियन पहुँचकर देखा गया । मौके पर आरोपी घर के पीछे खेत बारी पर दो बडे हरे गाँजा के



पेड लगाये पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबन्दी करते हुये सभी संदेही को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर सभी से उनके नाम पता पूँछने पर उसने अपना नाम अरविन्द कोंदर पिता रज्जू उर्फ रज्जन लाल कोंदर उम्र 30 साल निवासी हीरापुर टपरियन थाना कोतवाली पन्ना जिला पन्ना का होना बताए । पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के कब्जे वाले खेत से दो हरे पेड लगे पाये गये जिससे गांजा उपार्जन व विक्रय के कागाजत माँगे गये जो कोई कागजात न होना बताये जाने से मौके की कार्यवाही कर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया जाकर आऱोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अप.क्र. 523/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है ।मामले में विवेचना जारी है ।

**जप्त मशरूका:-** (मादक पदार्थ) गाँजा के 02 बडे हरे पेड बजनी 06 किलो 700 ग्राम कीमती करीब 60000/-रूपये

**नाम पता आरोपी:-**

अरविन्द कोंदर पिता रज्जू उर्फ रज्जन लाल कोंदर उम्र 30 साल निवासी हीरापुर टपरियन थाना कोतवाली पन्ना

**सराहनीय योगदान-**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि मानसिंह, सउनि सुभाषचन्द्र, प्र.आर. वृषकेतू रावत, संदीप तिवारी, राजेश सिंह, जयपाल सिंह, वीरेन्द्र, अशोक सिंह, म.आर. कल्पना बागरी, आर. नीलेश प्रजापति, योगेन्द्र सिंह, घनश्याम पटेल, पटेल, चन्द्रपाल प्रजापति, सत्यनारायण अग्निहोत्री का सराहनीय योगदान रहा।

# चाहना की मुस्कान में धड़क रहा है हिंदुस्तान

### मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना बनी जीवन का वरदान- देवेंद्रनगर की मासूम बच्ची को मिला नया जीवन



**देवेंद्रनगर।** बच्चे सिर्फ शरीर से नहीं, सपनों से भी बनते हैं। एक 12 वर्ष की मासूम बच्ची जिसकी साँसें तेज़ चलती थीं, दिल धड़कता था पर वह जी नहीं पाती थी कृ आज उसी बच्ची चाहना आदिवासी की आँखों में फिर से सपने पलने लगे हैं। उसके चेहरे की मुस्कान में अब ज़िंदगी की धड़कनें गूंज रही हैं। यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना, सरकार की दूरदर्शी सोच, और स्थानीय स्वास्थ्य अमले की निःस्वार्थ सेवा का प्रतिफल है। चाहना आदिवासी, पिता श्री देशराज आदिवासी, निवासी ग्राम बड़ागांव, जो माध्यमिक शाला की कक्षा 6 की छात्रा है, उसे कभी साँस चढ़ जाती थी, दिल तेजी से धड़कता था और बदन में थकान रहती थी। पढ़ाई और खेल दोनों उसके लिए मुश्किल हो चले थे। स्कूल में हुए त्ठैझ चेकअप के दौरान डॉ. अनूप कुमार सोनी ने इस बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लिया और संभावित हृदय रोग की आशंका पर तत्काल कार्रवाई की। बाद में सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में गहन परीक्षण किया गया। डॉ. जैन ने बच्ची की हालत को न केवल समझा, बल्कि एक अभिभावक की तरह उसे देखा और तत्परता से मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत समस्त प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। बच्ची के परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी कृ घर में नकदी तो दूर, दो वक़्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल। लेकिन सरकारी योजना और डॉक्टरों की सच्ची सेवा भावना ने वह कर दिखाया जो उनके लिए सपना था। पन्ना में चिरायु हॉस्पिटल द्वारा लगाए गए विशेष शिविर में बच्ची की 2क म्बीव जांच की गई, जिसमें ैक (।जतपंसै मचजंस क्मममिबज) नामक गंभीर बीमारी की पुष्टि हुई। इसके बाद बच्ची को भोपाल चिरायु हॉस्पिटल भेजा गया, जहाँ 3 मार्च को भर्ती करने के बाद 6 मार्च को उसका सफल ऑपरेशन हुआ, और 11 मार्च को वह स्वस्थ होकर अपने गाँव लौटी। आज वही बच्ची खिलखिला रही है, उसकी साँसे सहज चल रही हैं, और जीवन की एक नई किताब उसके आगे खुल रही है।

# देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में जुए के फड़ पर दबिश देकर 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर की गई वैधानिक कार्रवाई

देर रात्रि चली कार्यवाही में मौके से पकड़ में आये जुआरियों से 52 ताश के पत्ते, 50 हजार 200 रुपये नगदी, 09 मोबाईल फोन एवं 11 मोटर सायकिल सहित करीबन कुल 12 लाख 50 हजार 200 रुपये का मशरूका किया गया जप्त।




**पन्ना।** जिले में अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने की कड़ी में पन्ना पुलिस ने बीती रात देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में जिगदहा हार मे एक बड़ी कार्यवाही करते हुए जुएं के अड्डे पर दबिश दी। कार्य़वाही के दौरान मौके से 08 आरोपियों को गिरफ्त मे लिया गया, जिनके कब्जे से 50 हजार 200 रुपये नगद राशि और 52 पत्तों की ताश की गड्डी, 09 मोबाइल फोन सहित मौके से 11 मोटर सायकिल बरामद की गई है। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के स्पष्ट दिशा-निर्देशों और निगरानी में अंजाम दी गई। मुखविर सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने अतिरक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डीओ.पी पन्ना के मार्गदर्शन मे योजनाबद्ध तरीके से विगत 12-13 जून की रत्रि जिगदहा हार मे संचालित जुएं के फड़ मे दबिश दी, जिससे अड्डे पर मौजूद 08 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आए एवं अंधेरा व खुला हार होने का फायदा उठाकर कुछ आरोपी मौके से भाग निकले जिसपर गिरफ्तार किए गए आरोपियों एवं अन्य के विरूद्ध जुआ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विधिवत जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में और भी नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**नाम पता आरोपी-**

1. शिरीष अग्रवाल पिता गंगा प्रसाद अग्रवाल उम्र 54 साल निवासी देवेन्द्रनगर। 2. रंजीत पिता गणेश प्रसाद सिसोदिया उम्र 40 साल निवासी देवेन्द्रनगर। 3. परमलाल पिता पुक्ती लाला कुशवाहा उम्र 70 साल निवासी बडौरा। 4. सतेन्द्र कुमार पिता हरिनारायण रावत उम्र 32 साल निवाली नैगवां थाना जसो सतना। 5. लवकेश पिता रामनाराय़ण चौरसिया उम्र 33 साल निवासी देवेन्द्रनगर। 6. रामसुजान पिता नाराय़ण दास पटेल उम्र 34 साल निवासी बडौरा । 7. गोविंद चौधरी पिता हिसाबी चौधरी उम्र 35 साल निवासी बमरी देवेन्द्रनगर। 8. पंचक गर्ग पिता अरूण गर्ग उम्र 34 साल निवासी जगदहा देवेन्द्रनगर।उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक हरवचन कूड़ापे एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में चल रही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी निःसंकोच पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# कालोनाईजरों को दिये गये नोटिस को लेकर मीडिया में उठे सवाल

**जिला कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली सुर्खियों में है। जिस तरह से कालोनाईजरों को नोटिस जो दिये गये हैं। नियमों का पालन न कराये जाने को लेकर जिसमें नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय के पति अरविन्द्र पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय जो इस समय विधायक पन्ना के प्रतिनिधि भी है। साथ ही भाजपा का दामन थामने वाले मनोज केशरवानी का भी नाम सामने है। इन परिस्थितियों में जहां सत्तारूढ़ दल के विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह से मीडिया ने जब सवाल किया तो जवाब में नोटिस के जवाब के बाद ही सामने आयेगा सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय का नाम पहले दिया गया। पति का नाम सामने लाया गया आखिर यहां तो सीधेतौर पर**




**अरविन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय का नाम लाया जा सकता था। पर नपा अध्यक्ष का नाम नोटिस देने की खबर कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। नियमों के तहत होता है क्या सबकी नजर। आगे होता है क्या प्रशासन व पार्टी के नुमाईंदे जिन पर लगे आरोप आगे कार्यवाही पर सबकी नजर या जिला प्रशासन के मुखिया को लेकर कार्यप्रणाली को लेकर सबकी नजर। कौन सही कौन गलत निर्णय के बाद आयेगा सामने विधायक का दावा।**

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार इन दिनों कार्यप्रणाली को लेकर सुर्खियों में है। जहां विगत दिवस मीडिया के सवालों में कहीं न कहीं सत्ता पक्ष के विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भी जवाब दिया। जिस तरह से मीडिया ने उनसे सवाल किया सत्ता पक्ष के लोगों में जिन लोगों के नाम नोटिस जारी किये गये है। कलेक्टर पन्ना के द्वारा जिन्हें कालोनाईजरों के नियम फालो न करने पर यह नोटिस चर्चा में है। खासकर पन्ना नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय के पति अरविन्द्र पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय जो इस समय विधायक प्रतिनिधि है वहीं मनोज केशरवानी जो इस समय भाजपा का दामन थाम चुके है इसके बाद इन नोटिस में जिनका नाम भी सुर्खियों में है वहीं मीडिया ने जब विधायक पन्ना से जाना तो सीधा सरल जवाब नोटिस का जवाब देने के बाद ही सब सामने आयेगा। आखिर यहां एक बार फिर जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार की कार्यपणाली की ओर सबकी नजर टिकी हुई है आखिर नोटिस के बाद जवाब के बाद ही पारदर्शिता क्या होगी यह सवाल सबके जेहन पर है। जिस तरह से कलेक्टर पन्ना ने कालोनाईजरों को नियमों का पालन न कराने पर यह नोटिस जारी किये वहीं आगे कार्यवाही जवाब के बाद क्या तय होगी जहां सत्ता पक्ष व प्रशासन दोनों को लेकर भी प्रश्न बन चुके है। देखना यह है कि आगे होता है क्या। जहां समूचे नगर में इन नोटिसों से चर्चायें व्याप्त है कलेक्टर सुरेश कुमार स्वयं भी चर्चा में है। वहीं सत्ता रूढ़ दल भाजपा में ही यह कार्यवाही आपसी मतभेद को लेकर अंदर ही अंदर कहीं न कहीं हालात को बयां कर रही है। आगे सत्ता रूढ़ दल में ही क्या हालात तय होगें यह भी सामने आ सकता है। आखिरकार मामला चाहे जो हो पर भाजपा समर्पित लोगों में जहां ये नोटिस स्वयं ही चर्चाओं में व्याप्त है।

# रैपुरा थाना क्षेत्र में नकली सोना दिखाकर पैसों से भरा बैग लूटने वाले 4 शातिर लुटेरों को किया गया गिरफ्तार



### पुलिम टीम ने विशेष अभियान चलाकर सूचना के 24 घण्टे के अंदर पकड़े 4 ठग

**पन्ना। पन्ना पुलिस ने रैपुरा थाना क्षेत्र मे नकली सोना दिखाकर पैसो से भरे बैग को लूटने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सम्पूर्ण राशि 6,00,000 (06 लाख) की नगदी बरामद की गई है। पुलिस की यह कार्य़वाही घटना स्थल के आसपास जंगलो में घंटों तक चले एक जटिल और साहसिक सर्च ऑपरेशन के बाद संभव हो सकी।**

फरियादी विकास सोनी निवासी शाहगढ जिला सागर ने अपने बड़े भाई के साथ थाना रैपुरा आकर शिकायत दर्ज कराई कि कुछ अज्ञात व्यक्ति जिनसे हमारी मुलाकात कलेही माता दर्शन करने हेतु पवई जाते समय रास्ते पर हुई तब आरोपियों द्वारा बताया गया कि हमे घर की खुदाई मे 01 किलो सोने की पत्तियां मिली है जिसे हमे बेचना है, उक्त व्यक्तियो द्वारा मेरे से लगातार सम्पर्क किया एंव सोने की बिस्किट दिखाई जिनके झांसे मे आकर मै पैसो से भरा बैग लेकर दमोह रोड रैपुरा पहुंचा जहां मौका पाते ही 04 व्यक्तियो द्वारा हम पर हमला बोलकर पैसो से भरा बैग लूट ले गय़े है जिसमे 6 लाख नगदी एवं व्यक्तिगत डाक्युमेंट्स थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा मे लूट का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल पुलिस टीम गठित कर उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया जिस पर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई आर.एम. दुबे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रैपुरा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया विशेष रूप से सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु विशेष ऑपरेशन चलाया गया। जिस पर जानकारी मिली कि आरोपी रीठी-शाहनगर तरफ घटना स्थल से सटे घने जंगल की ओर भाग निकले हैं। सूचना पाते ही पुलिस टीम ने रात के अंधेरे में जंगल में प्रवेश कर लगभग 05 से 06 घंटे तक लगातार सर्चिंग अभियान चलाया। इस बेहद चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन के बाद पुलिस टीम को उक्त आरोपियों के मोहन्द्रा के पास से 04 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने मे सफलता मिली है।

**लूटी हुयी 6 लाख नगदी एवं घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल की गई जप्त**

**जप्त सामग्री-**

1. लूटा हुआ बैग सहित 06 लाख रुपये नगदी।
2. बैग मे रखा ए.टी.एम कार्ड, आधार कार्ड, इत्यादि दस्तावेज।
3. घटना मे प्रयुक्त बिना नम्बर की मोटर सायइकिल जप्त की गई है।

नाम पता आरोपी-

1. रज्जू पारधी उर्फ देवी सिंह पारधी उम्र 32 साल निवासी कुपना थाना शाहनगर पन्ना।
2. किन्तू बहेलिया पिता चौक बाबू बहेलिया उम्र 40 साल निवासी कुपना थाना शाहनगर पन्ना।
3. बलराम बहेलिया पिता बलराज बहेलिया उम्र 26 साल निवासी कुपना थाना शाहनगर पन्ना।
4. विकाश गौड़ पिता मोहन गौड़ निवासी ग्राम चौपरा थाना शाहनगर जिला पन्ना।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव एवं थाना स्टाफ सहित सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना ने कार्रवाई में सम्मिलित टीम की सराहना करते हुए 10 हजार रुपये के नगद इनाम से पुरष्कृत किये जाने की घोषणा की गई। एवं कहा कि ज़्जिले में आम जनता की मेहनत की कमाई को ठगने/लूटने वाले ऐसे गिरोहों के लिए कोई जगह नहीं है। पन्ना पुलिस पूरी सख्ती और प्रतिबद्धता से अपराध के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

# महिला चिकित्सक न होने से क्षेत्र की जनता परेशान

### खंड चिकित्सा अधिकारी आशीष तिवारी ने कहा प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय करना पड़ता रेफर



अमानगंज। प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था सुधार करने के दावे लगातार कर रही है मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रहा है जहां लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं और सरकार अपनी वाहवाही लूटकर पीठ थपथपा रही है, ताजा मामला पन्ना जिले के अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है जहां महिला चिकित्सक न होने से गर्भवती महिलाओं सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूरे मामले को लेकर अमानगंज ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर आशीष तिवारी से शुक्रवार की शाम 5रू00 बजे जब बात की गई तो उन्होंने पूरे मामले को लेकर कहा कि जितना भी उपचार संभव हो पाता है, वह तुरंत ही दिया जाता है, महिला चिकित्सक न होने से गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया जाता है।

# उल्लास नवभारत साक्षरता की विकास खण्ड स्तरीय बैठक सम्पन्न



**पन्ना।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र पवई में बैठक का आयोजन किया गया जिस्म 13 जन शिक्षा केन्द्रों के सभी प्राचार्य प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला नोडल अधिकारी शामिल हुए जिला साक्षरता अधिकारी रमाकांत खरे की के निर्देशन में जिला प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र तिवारी जी के कुशल मार्गदर्शन में पवई विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता रमेश प्रजापति जी एवं पवई विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश पटेल की कुशल नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रधानाध्यापक नोडल अधिकारी प्राचार्यों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना के कारण अपने ब्लॉक जिले के संपूर्ण नागरिकों को साक्षर करने में सभी अक्षर साथी प्राइवेट विद्यालयों एवं पढ़े-लिखे नागरिकों के द्वारा इनका सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया तथा 2011 की जनगणना अनुसार व्यक्तियों को चिन्हित कर अक्षर साथी नियुक्त कर विधिवत उनकी क्लासेस संचालित करने के लिए निर्देश दिए गए बैठक में मुख्य रूप से रघुबीर तिवारी श्रीकान्त पटेल मुकेश पाठक कपिल बागरी रामभगत दुवेदी दिवाकर पाण्डेय रेखा नगायच, सहित सभी जन शिक्षक एवं सह समन्वयक एवं सभी कर्मचारी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण और धरती की दशा सुधारनी है तो पेड़ लगाओ

**नेम्फ गार्डन संयोजक ने बताई गांव विकास की अपनी अवधारणा**

**छतरपुर।** यह तो सब जानते हैं कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधों को रोपना नितांत आवश्यक है। विकास के लिए पौधों का विनाश और जमीन का विनाश होता चला रहा है लेकिन इस विनाश और विकास के बीच संतुलन बनाने के लिए पेड़ पौधों को स्थापित करना होगा। नेशनल मेमोरियल फॉरेस्ट गार्डन के संयोजक शिव प्रसाद भारती ने मीडिया से चर्चा करते हुए खेतों की मेड़ों में पेड़ लगाकर पर्यावरण संतुलन बनाने और खेती को भी लाभ का धंधा बनाने के बारे में बताया। उत्तर प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में उपनिदेशक के पद से सेवा निवृत्त हुए शिव प्रसाद भारती मूल रूप से जिले के दूर अंचल केन की तलहटी में स्थित ग्राम राजापुर के रहने वाले हैं। श्री भारती सेवानिवृत होने के बाद अपना समय गांव के लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने राजापुर ग्राम विकास समिति का गठन कर कुछ लोगों को जोडऩे का प्रयास किया, धीरे-धीरे यह सिलसिला आगे बढ़ा रहा है। जिला मुख्यालय में एक पत्रकार वार्ता के माध्यम से उन्होंने अपनी ग्राम विकास की अवधारणा रखी। श्री भारती ने कहा कि खेत में मेड होने से न केवल बारिश का पानी रुकेगा बल्कि फसल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण नमी भी खेत में रहेगी। इसके साथ ही मेड़ों में पौधे रोपे जाएं ताकि मेड़ मजबूत हो और पेड़ पर्यावरण के हितकारी बने। इतना ही नहीं फलदार पौधे लगाने से वे किसानों की आमदनी का जरिया भी बन सकेंगे। श्री भारती ने कहा कि नेशनल मेमोरियल फॉरेस्ट गार्डन का उद्देश्य है कि किसी की भी याद में पौधे लगाए ताकि पर्यावरण को संतुलित कर सके और धरती के प्रति अपनी कृतज्ञता भी ज्ञापित कर सके। इस मौके पर नेम्फ गार्डन के अन्य साथी मौजूद रहे।

### धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान

**जनपद एवं पंचायत स्तर पर 15 से 30 जून तक लगेंगे शिविर**

**जिले के 66 ग्रामों के जनजाजीय हितग्राहियों को मिलेगा सभी योजनाओं का लाभ**

**19 जून को सिकल सेल डे पर मेगा इवेंट के आयोजन के निर्देश**

**छतरपुर।** जनजातीय हितग्राहियों को उनकी पात्रता अनुसार लाभ दिलाए जाने के लिए 15 से 30 जून 2025 तक धरती आबा जन भागीदारी अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक जनपद पंचायत एवं ग्राम स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाते, छात्रवृत्ति जैस अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जाना है। इस अभियान में 18 विभागों को भी शामिल किया गया है। जो कैम्प के माध्यम से अपनी योजनाओं से जनजातीय हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित करेंगे। जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि अपने विभाग की सभी योजनाओं का लाभ जनपद पंचायत बकस्वाहा के 49 ग्राम, बिजावर के 14 ग्राम, लवकुशनगर का 01 ग्राम, राजनगर का 01 ग्राम, बड़ामलहरा का 01 ग्राम इस प्रकार कुल चयनित 66 ग्रामों में दिया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही सीएमएचओ को निर्देशित किया गया है कि 19 जून 2025 सिकल सेल डे पर सभी ग्रामों में मेगा इवेंट आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। सफलतापूर्वक शिविरों के संचालन के लिए अनुविभाग स्तर पर एसडीएम को आयोजित शिविरों के नोडल अधिकारी तथा जनपद सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### वृक्षारोपण के साथ हरियाली की पहल

# अमृत हरित महा अभियान के तहत हुई कार्यशाला

**खजुराहो।** मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, भोपाल द्वारा आयोजित अमृत हरित महा अभियान के तहत रविंद्र भवन, भोपाल में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश की सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, नोडल अधिकारियों, मालियों और मास्टर ट्रेनरों को आमंत्रित किया गया। इसका उद्देश्य मध्यप्रदेश को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करना था। कार्यशाला का सीधा प्रसारण प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में किया गया।




खजुराहो नगर परिषद के अध्यक्ष अरुण अवस्थी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी के निर्देशन में इस कार्यशाला का लाइव प्रसारण नगर परिषद के सभाकक्ष में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बहादुर पाल, पार्षद चिरैया अहिरवार, दुर्गा पटेल, राम अवतार चौबे, जीतू पटेल, वृंदावन पटेल, भागीरथ पटेल सहित नगर परिषद के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। प्रसारण के माध्यम से प्रतिनिधियों ने हरित मिशन की रणनीति और कार्यान्वयन पर चर्चा सुनी। कार्यक्रम के समापन के बाद नगर परिषद परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए जाली भी लगाई गई। कल्याण सिंह ने सभी अतिथियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# आधार कार्ड सेंटर पर मनमानी, महिलाएं 5 दिन से भटक रहीं

### चिलचिलाती धूप में इंतजार, संचालक पर पक्षपात और शुल्क वसूली का लगा आरोप

**महाराजपुर।** डाकखाने के आधार कार्ड सेंटर पर संचालक की मनमानी से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं परेशान हैं। पांच दिन से आधार कार्ड बनवाने के लिए भटक रहीं महिलाओं को सुबह-शाम का समय देकर दिनभर इंतजार कराया जाता है, लेकिन काम नहीं होता। यह मामला आधार केंद्रों की अव्यवस्था और ग्रामीणों की मजबूरी को उजागर करता है।



श्रीनगर निवासी क्रांति प्रजापति और महाराजपुर की निवारी अंगूरी चौरसिया ने बताया कि वे आधार कार्ड में फोटो और नाम बदलवाने के लिए 20-50 किलोमीटर दूर से डाकखाने पहुंचीं। क्रांति ने कहा, संचालक ने सुबह 8 बजे बुलाया, लेकिन 10 बजे तक न टोकन मिला, न काम शुरू हुआ। तपती धूप में छोटे बच्चों को घर छोड़कर इंतजार करना पड़ा। महिलाओं का आरोप है कि संचालक अपने चहेतों का काम पहले करता है और प्रत्येक व्यक्ति से 100 से 200 रुपये वसूलता है, चाहे वह बच्चा हो, पुरुष हो या महिला। अंत में उन्हें अगले दिन आने को कहकर लौटा दिया जाता है, लेकिन अगले दिन भी यही सिलसिला दोहराया जाता है।

# बिलहरी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री

### परिवार ने रखी सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**नौगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में कुछ दिन पूर्व, छात्र पंकज प्रजापति की गोली मारकर हत्या के मामले में शुक्रवार को पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी और थाना प्रभारी सतीश सिंह, कुम्हार टोली पहुंचे। दोपहर 12 बजे पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्होंने न्याय का भरोसा दिलाया।



पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा, आपको किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं। प्रशासन और हम सभी आपके साथ खड़े हैं। जिन्होंने यह जघन्य अपराध किया, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही, निर्दोष लोगों को गलत तरीके से फंसाया नहीं जाएगा। वहीं कुम्हार टोली निवासी पंकज के पिता भगवानदास प्रजापति ने दुख जताते हुए कहा, मेरा इकलौता बेटा था, मेरा पूरा घर बुझ गया। राशन मांगने की सजा उसे मौत मिली। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो।

# गुरुग्राम जा रही बस पर चंबल स्टाइल में हुआ हमला

### बदमाशों ने चालक पर अड़ाया कट्टा, बस में की तोडफ़ोड़

**नौगांव।** थाना क्षेत्र के दौरिया गांव के पास झांसी-खजुराहो फोरलेन पर गुरुवार देर रात करीब 10:45 बजे एक सनसनीखेज वारदात ने यात्रियों में दहशत फैला दी। बताया गया है कि पन्ना जिले के अमानगंज से गुरुग्राम जा रही एक यात्री बस पर 5-6 अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने चंबल स्टाइल में हमला कर फायरिंग की और बस में जमकर तोडफ़ोड़ की। घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक बछिया नाला के समीप हुई इस वारदात में कार और बाइक सवार बदमाशों ने बस को बीच सड़क में रोक लिया। ग्वालियर निवासी चालक विनोद सिंह गौर ने बताया, जैसे ही मैंने बस रोकी, आधा दर्जन बदमाशों ने बस को चारों ओर घेर लिया। एक ने ड्राइवर सीट पर कट्टा अड़ा दिया। जान बचाने के लिए मैं सवारियों के बीच भागा। बदमाशों ने चालक के सीट छोड़ते ही फायरिंग शुरू कर दी, जिससे बस का सामने का कांच चकनाचूर हो गया और कुछ खिड़कियों के कांच भी टूट गए। इसके बाद बदमाश बस में चढ़े और अंदर उत्पात मचाया। महिला, बुजुर्ग और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बदमाश दहशत फैलाकर मौके से फरार हो गए। चालक ने हिम्मत जुटाकर बस को आगे बढ़ाया और यात्रियों ने फोरलेन हेल्पलाइन व पुलिस को सूचना दी। नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी सतीश सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीओपी अमित मेश्राम ने का कहना है कि यह सुनियोजित हमला प्रतीत होता है। बदमाशों की गतिविधियां सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई हैं। उनकी पहचान की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी होगी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और पचवारा टोल प्लाजा के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

# कानपुर स्टेशन पर लावारिस हालत में मिला लापता शिवम

### सोनी समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** छतरपुर में बढ़ते अपराधों के बीच सोनी समाज ने एक युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। समाज का आरोप है कि आरोपी युवक ने समाज के एक लड़के को दिल्ली ले जाकर हवाला कारोबार सहित अन्य अनैतिक कार्य कराने का प्रयास किया। जब लड़के ने बात नहीं मानी तो उसके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उसे शारीरिक प्रताडऩा दी गई। बीते रोज पीड़त लड़का किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर उत्तरप्रदेश के कानपुर पहुंचा, जहां से छतरपुर पुलिस पीड़ित लड़के को छतरपुर लाई है।



#### यह है पूरा मामला

छतरपुर निवासी रामसखी सोनी ने बताया कि उनके पति पुरुषोत्तम सोनी के निधन के बाद वह घरों में काम कर परिवार चलाती हैं। उनका बेटा शिवम एक दुकान पर काम करता था, लेकिन रौनक सोनी, अमन रैकवार और अभिनव वर्मा ने उसे 25 हजार रुपये मासिक वेतन का लालच देकर बड़ी कुंजरहटी निवासी सलमान के साथ दिल्ली भेज दिया। वहां सलमान और उसके साथियों ने शिवम से अनैतिक कार्य करवाने की कोशिश की। शिवम के मना करने पर उसे बंधक बनाकर मारपीट की गई, थिनर का नशा दिया गया और उसके प्राइवेट पार्ट को सिगरेट से जलाया गया। सलमान पर आरोप है कि वह दिल्ली में बड़े स्तर पर हवाला का धंधा चलाता है और इसके लिए छतरपुर के भोले-भाले युवकों को निशाना बनाता है। शिवम सोनी की मां रामसखी सोनी ने बताया कि करीब 12 दिन पहले शिवम दिल्ली से घर आने के लिए निकला, लेकिन सलमान और उसके साथियों ने उसे पकड़ लिया। पिछले 12 दिनों तक उसे भूखा रखा और यातनाएं दीं। बीते रोज शिवम बेहोशी की हालत में कानपुर में मिला, जहां किसी ने उसे अस्पताल पहुंचाया और परिवार को सूचना दी। पुलिस की मदद से शिवम को छतरपुर लाया गया। सोनी समाज और शिवम की बहन ने सलमान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक पुलिस ने न तो सलमान के खिलाफ कोई कार्रवाई की, न ही इस मामले में एफआईआर दर्ज हुई। समाज ने मांग की कि शिवम को बंधक बनाने, मारपीट करने और यातनाएं देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

#### इनका कहना है -

कानपुर स्टेशन के पास लापता शिवम के मिलने की सूचना मिली थी, पुलिस टीम भेजकर शिवम को छतरपुर लाया गया है। शिवम के कथन लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अमन मिश्रा, सीएसपी, छतरपुर**



### अहमदाबाद विमान हादसे पर पर्यटक सहायक एसोसिएशन ने जताया शोक

**खजुराहो।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया की लंदन-बाउंड फ्लाइट एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई 265 लोगों की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस हृदयविदारक घटना पर खजुराहो में पर्यटक सहायक एसोसिएशन ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के सदस्यों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान मिले और पीड़ित परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति मिले। पर्यटक सहायक एसोसिएशन के सदस्यों और स्थानीय समाज के प्रमुख लोगों ने इस दुखद घटना पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। परशुराम तिवारी, अनंत राम मिश्रा, दीप सिंह यादव, धर्मेंद्र पांडे, रमाशंकर दीक्षित, रामगोपाल तिवारी, मनोज मिश्रा, शिवाकांत कारपेंटर, राजेंद्र तिवारी, एडवोकेट पटेल सहित कई अन्य ने संयुक्त रूप से शोक सभा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह हादसा न केवल भारत के लिए, बल्कि कई देशों के नागरिकों के लिए अपूरणीय क्षति है। इस हादसे में 169 भारतीयों, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक सहित कई लोगों की जान गई। एसोसिएशन ने सभी प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई और उनके लिए प्रार्थना की।

# तलैया में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत



**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार दोपहर तलैया में नहाते समय एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। बताया गया है कि बंधी खुर्द गांव में दोपहर करीब 1:30 बजे अंजुल पुत्र रामसिंह यादव उम्र 15 वर्ष, गांव के तीन-चार अन्य लड़कों के साथ तलैया में नहाने गया था। चूंकि अंजुल को तैरना नहीं आता था जिसके चलते नहाते समय वह गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद गांव वालों ने उसे बाहर निकाला और निजी वाहन से ईशानगर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि इसके बाद भी परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए थे, जहां डॉक्टरों ने मृत्यु की पुष्टि की।

### एक दिन बाद प्री मानसून, एक सप्ताह में मानसून की होगी दस्तक

# आसमानी आफत से तड़प रही जिंदगी, पीछे छूटी नौतपा की गर्मी

**छतरपुर।** इस समय आसमान से जो आफत बरस रही है उससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आसमानी आफत ने नौतपा की गर्मी को भी पीछे छोड़ दिया है। हालांकि मौसम विभाग ने एक दिन बाद प्री मानसून आने और एक सप्ताह में मानसून के सक्रिय होने के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग के संकेतों से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद लग रही है। खजुराहो स्थित मौसम विभाग में पदस्थ आरएस परिहार ने बताया कि इस समय समूचा बुंदेलखंड हीट वेव से प्रभावित है। गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों के जीवन में बुरा असर डाल रहे हैं। श्री परिहार ने बताया कि पिछले दो दिनों से तापमान करीब 46 डिग्री के आसपास स्थिर है। यदि नौतपा के आंकड़ों पर नजर डालें तो नौतपा में तापमान 42 से 45 डिग्री तक दर्ज हुआ था लेकिन नौतपा निकलने के अगले सप्ताह तापमान में एक डिग्री से अधिक का इजाफा दर्ज हुआ है। उमस और तेज धूप ने लोगों का जीवन प्रभावित किया है। गर्मी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। जहां एक और दिन में तीखी धूप हो रही है तो वहीं रात में भी तपन महसूस की जा रही है। रात का तापमान 32 डिग्री से ऊपर पहुंच रहा है। लोगों को न तो दिन में सुकून है और न रात में ही राहत मिल रही है। आम आदमी के अलावा अन्य जीव जंतु भी इस भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं।



#### गर्मी में बिजली विभाग बढ़ा रहा लोगों की परेशानी -

एक और लोग भीषण गर्मी से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की अघोषित कटौती आग में घी डालने का काम कर रही है। जिला मुख्यालय में ही कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां दिन के साथ-साथ रात में भी बत्ती गुल हो जाती है। लोगों का कहना है कि देर रात में बिजली चले जाने के बाद न तो कोई शिकायत सुनने के लिए फोन उठाता है और न ही वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान देते हैं। एक उपभोक्ता गोविंद सिंह ने बताया कि कोरी आंखों से रातें कट रही हैं। बीती रात करीब 2 बजे शहर के वार्ड क्रमांक 40 सीताराम कॉलोनी में बिजली चली गई यहां के रहवासी लगातार विभाग को फोन लगाते रहे पर किसी ने फोन उठाने की कोशिश नहीं की। पूरी रात घर के बाहर बैठकर रात गुजारनी पड़ी। भीषण गर्मी में बिजली विभाग को भी अपना रवैया सुधारना होगा।

# पुलिस की सक्रियता से परिवारों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस के ऑपरेशन मुस्कान अभियान ने गुमशुदा बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जून माह के पहले 12 दिनों में 6 गुम बालक-बालिकाओं को बरामद किया गया, जिसमें सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को इंदौर से एक सप्ताह के भीतर दस्तयाब किया। यह अभियान जिले में गुमशुदा लोगों की तलाश में पुलिस की संवेदनशीलता को दर्शाता है।



उल्लेखनीय है कि थाना सिविल लाइन में एक सप्ताह पहले एक नाबालिग बालिका के बिना बताए घर से चले जाने की सूचना पर अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को सुंदरनगर, इंदौर से दस्तयाब कर लिया। इस वर्ष 1 जनवरी 2025 से अब तक जिले में 233 से अधिक गुमशुदा बालक-बालिकाओं को बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा गया है। बाजारों, धार्मिक स्थलों और अन्य स्थानों से गुम हुए बच्चों, मानसिक रूप से विक्षिप्त और घायल व्यक्तियों को भी पुलिस ने सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाया।

# युवती ने लगाए अपहरण और दुष्कर्म के आरोप

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर मांगा न्याय



**छतरपुर।** छतरपुर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र की युवती ने एक युवक पर अपहरण और दुष्कर्म का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। पीड़िता ने खीरमहेरी गांव के युवक पर 2023 से छेड़छाड़, धमकी देने और हाल ही में बलात्कार करने का आरोप लगाया। युवती ने वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और मारपीट की भी शिकायत की है।

*ओरछा रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी पीड़िता ने बताया कि वह छतरपुर की चौबे कॉलोनी के बालिका छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती है। 2023 में वह छतरपुर के गर्ल्स स्कूल में पढ़ती थी। उस दौरान खीरमहेरी निवासी साहिल सिंह पिता राजू सिंह चंदेल उससे छेड़छाड़ करता था और अपराधिक प्रवृत्ति के कारण उसे धमकाता था। डर की वजह से उसने यह बात किसी को नहीं बताई। पीड़िता के मुताबिक गत 5 मई 2025 को साहिल ने फोन कर धमकी देकर उसे महाराजा कॉलेज स्टेडियम के पास बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपी ने उसे जबरन कार में बैठाया और खीरमहेरी के सुनसान इलाके में ले जाकर गाड़ी के शीशे बंद कर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने घटना का वीडियो बनाया और इसे वायरल करने की धमकी दी। 1 जून 2025 को साहिल ने वीडियो डिलीट करने का झांसा देकर उसे फिर बुलाया, लेकिन दोबारा दुष्कर्म का दबाव बनाया। पीड़िता ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की तो साहिल ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और न्याय की मांग की है।*

## खबर संक्षेप



### संभागीय अधिकारियों ने जल संरक्षण कार्यों का लिया जायजा

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण तथा संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग के लिए संभागीय अधिकारियों के दल तैनात किए गए हैं। इन दलों द्वारा लगातार जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। दल के सदस्यों ने सतना जिले के जनपद पंचायत रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत छिबौरा में खेत तालाब निर्माण, कुएं में रिचार्ज पिट निर्माण तथा सोकपिट निर्माण का जायजा लिया। एक अन्य दल ने रीवा जिले के ग्राम रीठी और जिउला ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान में भागीदारी निभाई। दल के सदस्यों द्वारा इन गांवों में बनाए जा रहे चार खेत तालाबों तथा जल संरक्षण के अन्य कार्यों का जायजा लिया गया। इन दलों में अधीक्षण यंत्री ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, महाप्रबंधक ग्रामीण विकास अभिकरण एसके मिश्रा, सहायक संचालक खनिज बसंतराम, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। दल के सदस्यों ने सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जनजातीय कार्य विभाग के तहत संचालित छात्रावास की व्यवस्थाओं को बेहतर करने एवं रिक्त सीटों में शत-प्रतिशत भर्ती के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 14 जून को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में ज्ञानोदय विद्यालय तथा कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य भी शामिल रहेंगे। प्रशिक्षण में अधीक्षकों एवं प्राचार्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 से 30 जून तक

**रीवा।** जिले में 15 से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के तहत जनजाति बहुल ग्रामों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य रक्षा, शिक्षा एवं स्वच्छ पेयजल के उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान मौके पर ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना तथा जनधन योजना के आवेदन प्राप्त करके हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य रोगों के निःशुल्क जाँच की भी व्यवस्था की जाएगी। अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग सहित सभी विभागों में समन्वय से हर पात्र हितग्राही को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को शिविरों का स्थान निर्धारित करके समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में हर पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

# ट्रैक्टर चालक की गोली मारकर हत्या: बदमाश डेढ़ लाख रुपये लूट ले गए, देर रात 2.30 बजे की वारदात

### तीन नकाबपोश बाइक सवारों ने दिया अंजाम, जांच में जुटी पुलिस





**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में बीती रात एक सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया। घूमा स्थित पेट्रोल पंप के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने खेत समतलीकरण कार्य में लगे एक ट्रैक्टर ऑपरेटर की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मृतक की जेब से करीब डेढ़ लाख रुपये नकद लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। घटना बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे की है, जब मुरैना निवासी बीरबल शाक्य उम्र 45 वर्ष जो खेत समतलीकरण के कार्य के लिए रीवा आए हुए थे, अपने ट्रैक्टर के पास सो रहे थे। तभी बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाश मौके पर पहुंचे और बीरबल से पैसे की मांग करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके सीने में गोली दाग दी और ट्रैक्टर के पास रखे लगभग डेढ़ से दो लाख रुपये लूटकर भाग निकले। मृतक के बेटे अजीत शाक्य, जो हाल ही में मुरैना से रीवा पहुंचे थे, ने बताया कि वह घटना के वक्त अपने पिता के साथ ही थे। गोली चलने की आवाज और शोर सुनकर वह जागे, लेकिन तब तक बदमाश वारदात को अंजाम देकर निकल चुके थे। घायल पिता को गोद में उठाकर उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया और तुरंत डायल-100 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बीरबल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही गढ़ थाना प्रभारी अवनीश पांडे ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में लूट की मंशा से हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं किसी पुरानी रंजिश के तहत तो वारदात को अंजाम नहीं दिया गया। मृतक का शव गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या और लूट का मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही हैं।बॉक्स रात में शराब पार्टी के बाद हुई वारदात स्थानीय लोगों ने बताया कि वारदात वाली रात पास के क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा शराब पार्टी भी की जा रही थी। घटना के बाद ये लोग यहां से अचानक गायब हो गए। पुलिस इनकी पहचान करने और पूछताछ के लिए जुटी हुई है। स्थानीय लोगों को बीरबल के पास पैसे होने की जानकारी थी। पुलिस ऐसे लोगों से पूछताछ कर रही है जो अक्सर उसके साथ रहते थे।

# अस्पताल में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में एनएसयूआई ने स्वास्थ्य मंत्री का फूंका पुतला, एसपी सौंपा ज्ञापन



**रीवा।** संजय गाँधी अस्पताल में नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की घटना में एनएसयूआई ज़िला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला का पुतला फूँकते हुए एसपी को कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि विगत दिनों संजय गाँधी अस्पताल रीवा में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की खबर ने एक बार फिर विन्ध्य और मध्यप्रदेश के जंगलराज की भयावह तस्वीर दिखाई अस्पताल के ही कर्मचारियों पर ही अस्पताल परिसर के गलियारे में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप सामने आया है इस पर कितनी सच्चाई है हमें जानकारी नहीं है परंतु दो बयान अलग अलग तरह से आना अस्पताल की तरफ से अलग बयान पुलिस विभाग की तरफ से अलग बयान आना और नाबालिग लड़की की तरफ से अलग बयान अना यह संदिग्ध स्थिति पैदा करती है इसी को देखते हुए एनएसयूआई के नेतृत्व में डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला का पुतला फूँकते हुए एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए हमने मांग किया है की इस पर कार्यवाही करते हुए सच्चाई का पता लगाया जाये और इसका खुलासा किया जाए कि आखिर मामला क्या है हमें शंका है कि इस पर किसी बड़े आदमी का भी हाथ हो सकता है जो भी है इस पर कार्यवाही की जाए खुलासा करते हुए जांच की जाए अन्यथा एनएसयूआई अगले 48 घंटे बाद बड़े आंदोलन के लिए भी बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी पूरी शासन के शासन की होगी। ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय संगठन मंत्री शिवम मिश्रा, शशिमोल तिवारी उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा,अमन द्विवेदी आईटी अध्यक्ष अनुराग सिंह, रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी,महासचिव विमल पटेल शिवांशु शुक्ल रॉबिंसन साकेत विश्वविद्यालय अध्यक्ष देवेश शुक्ल टीआरएस अध्यक्ष निष्कर्ष मिश्र लॉ कॉलेज अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी अंकित सिंह गहरवार जिला सचिव महेश प्रजापति अजय सिंह मृत्युंजय द्विवेदी, अनिरुद्ध द्विवेदी प्रियांशु मिश्रा आशुतोष शुक्ला ऋतिक तिवारी रमन सिंह, राजीव पांडे, कुलदीप सिंह चंद्र प्रकाश मिश्रा,विनय साकेत, अरुण साकेत, आकाश तिवारी, आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र नेता उपस्थित रहें।

# बीड़ी तथा खदान मजदूरों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

### मजदूरों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रीवा।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा पंजीकृत बीड़ी मजदूरों तथा खदान मजदूरों के बच्चों को शिक्षा सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दो जून से प्रारंभ हो गई है। प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 अगस्त 2025 तक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए जा सकते हैं। दर्ज आवेदनों में से प्री मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 सितम्बर तथा पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 नवम्बर तक किया जाएगा। इन सभी आवेदन पत्रों के दूसरे चरण का सत्यापन के लिए प्री मैट्रिक आवेदनों में 30 सितम्बर एवं पोस्ट मैट्रिक आवेदनों में 30 नवम्बर की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इस संबंध में उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन जबलपुर ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि से पहले नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर आवेदन दर्ज करना है। यदि कोई बीड़ी एवं खदान श्रमिक के बच्चे अल्पसंख्यक श्रेणी अथवा अन्य किसी विभाग से उच्चतम छात्रवृत्ति पाने की पात्रता रखते हैं तो वे उसी श्रेणी की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें। उन्हें केवल एक श्रेणी की ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। छात्रवृत्ति के लिए पहली बार आवेदन करने पर पोर्टल में पंजीयन कराकर 14 अंकों का ओटीआर नम्बर प्राप्त करना होगा। इसे दर्ज करके पोर्टल में पंजीयन होगा। पंजीयन होने के बाद विद्यार्थी द्वारा दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीआर नम्बर प्राप्त होगा। इसका मोबाइल फोन में आधार, फेसआरडी एप एवं एनएसपी ओटीआर एप को मोबाइल फोन में इंस्टाल करना होगा। इनके माध्यम से अथवा एमपी ऑनलाइन सेंटर तथा कामन सर्विस सेंटर से ई केवाईसी की प्रक्रिया कराने के बाद आवेदन पत्र दर्ज होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद विद्यार्थी जिस शिक्षण संस्थान में पढ़ रहा है उसके द्वारा आवेदन का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद विद्यार्थी को उसके द्वारा दर्ज बैंक खाता संख्या में छात्रृत्ति की राशि प्राप्त होगी।

# शादी से लौटने के बाद बिगड़ी तबीयत, उल्टी-दस्त से एक ही परिवार के चार की मौत

### तीन लोगों का एसजीएमएच में चल रहा उपचार, स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही जांच





**रीवा।** जिले में भीषण गर्मी के बीच शहर में उल्टी दस्त का प्रकोप का एक मामला सामने आया है। शहर के वार्ड क्र. 9 निराला नगर में उल्टी-दस्त के कहर से एक मासूम समेत चार लोगों की मौत हो गई। सभी लोग एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। ये चारों मौतें 24 घंटे के अंतराल में हुई हैं,संबंधित परिवार एवं उनके ही समाज के लोग बता रहे हैं। खबर है कि उल्टी-दस्त के प्रकोप से लगभग एक दर्जन लोग प्रभावित हुए हैं जिनमें से तीन लोग संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में उपचारार्थ भर्ती हैं। मृतकों में एक साल का मासूम बच्चा, दो महिलाएं और एक युवती शामिल है, जानकारी लगते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और जांच शुरू की गई है। बस्ती में रहने वाले रामसुजान कोल के घर 7 जून की वैवाहिक कार्यक्रम था, जिसमें कई रिश्तेदार शामिल हुए। और 8 जून को बारात लौटी थी। बारात वापसी के पश्चात भी कई रिश्तेदार रुके हुए थे। 9 जून को राजकुमारी पिता कमला प्रसाद कोल उम्र 35 साल को उल्टी-दस्त की शिकायत पर संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जो अभी भी उपचारार्थ भर्ती है। उसके बाद बीमार होने वालों की लाइन लग गई। इतना ही नहीं देखते ही देखते मौत का सिलसिला भी शुरू हो गया। राजकुमारी समेत तीन लोग एसजीएमएच में भर्ती कराए गए हैं जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस बीच देववती कोल (80) के पेट में दर्द उठा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई, जो रिश्तेदार खाना खाने के बाद अपने गांव गए थे, वहां पर भी तबियत खराब हो गई। सिरमौर के भलूहा पहुंचे कल्लू कोल के एक वर्षीय बेटे की भी तवियत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य रिश्तेदार छोटानी कोल (70) गुड़ क्षेत्र के पड़रिया गांव में बीमार हुई और उसकी भी मौत हो गई। तीन मौतों की जानकारी के बाद सीएमएचओ संजीव शुक्ला ने एक टीम भेजी जिसमे डॉ केवी गौतम, डॉ. देवेन्द्र वर्मा, डॉ. प्रियांश सिंह सहित अन्य पहुंचे। बस्ती में जिस दौरान डाक्टरों की टीम परीक्षण कर रही थी, उसी दौरान ज्योति कोल (18) निवासी सलैया के पेट में दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। इस परिवार में अन्य लोग जिनकी तबियत खराब थी, उन्हें भी उपचार दिया गया है साथ ही तीन लोगों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें राजकुमारी, मूलिया कोल, बूटा, मोरवा कोल आदि शामिल हैं। मौके पर भी स्थिति नियंत्रण में है। भीषण गर्मी में 24 घंटे के अंतराल में 4 लोगों की मौत की खबर ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पानी सहित अन्य जरूरी सेम्पल जांच में लिए गए। वही प्रभावित बस्ती के लोगों को ओआरएस पाउडर एवं अन्य दवाओं का वितरण किया गया।मामले की जानकारी लगने के बाद रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने मौके पर जाकर स्वास्थ्य विभाग को जांच करने के निर्देश दिए हैं। बॉक्स दस दिवस तक स्वास्थ्य विभाग के निगरानी में रहेगी पूरी बस्ती आगामी दस दिवस तक विभागीय टीम निराला नगर एवं आसपास के क्षेत्र में तैनात रहकर बस्ती के रहवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। देर शाम सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ल भी निराला नगर पहुंचे थे। प्रभावित परिवार के सदस्य बताते है कि 11 जून की रात से लोगों की तबियत बिगड़ना शुरू हुआ और 12 जून की सुबह तक चार लोगों का जीवन समाप्त हो गया। खान-पान के संबंध में बतताया गया कि सभी ने सामान्य भोजन किया था। परंतु स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार उल्टी-दस्त के प्रथमदृष्टया लक्षण के आधार पर फूड प्वाइजनिंग का मामला मान रहे हैं। इस बीमारी का कारण गंदा पानी, दुषित भोजन या वायरल संक्रमण को माना जा रहा है। इस समय गर्मी भी तेज हो रही है,ऐसे में खान पान का विशेष ध्यान नहीं देना भी वजह हो सकता है।

# वैध दस्तावेज दिखाकर वाहन मालिक ले जा सकते हैं अपने वाहन

**रीवा।** थाना सिविल लाइन में 39 लावारिस वाहन थाना परिसर में रखे हुए हैं। थाना प्रभारी ने इस संबंध में बताया है कि अज्ञात वाहनों को उनके मालिकों को सौंपने की कार्यवाही की जा रही है। सूची में शामिल वाहनों के मालिक 10 दिनों के अंदर वैध दस्तावेज दिखाकर थाना परिसर से वाहन प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित समय में यदि कोई भी व्यक्ति वैध दस्तावेज के साथ उपस्थित नही होता है तो इन वाहनों की नीलामी कर दी जायेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना परिसर में मोटरसायकिल हीरो होंडा सीडी डीलक्स यूपी 64 क्यू 1612, हीरो एचएफ डीलक्स, बजाज डिस्कवर 100 सीसी, शफारी लूमां, बजाज 4एस चैम्पियन, सुजकी मैक्स 100, बजाज डिस्कवर, हीरो एचएफ डीलक्स, हीरो होंडा स्पलेंडर, बजाज काबाशाकी, टीव्हीएस मैक्स 100, स्कूटी यमहा सफेद, यमहा आरएक्स 100, स्कूटी एक्टिवा होंडा, सुजकी 150 सीसी, सुजकी मैक्स 100, होंडा सीडी 100, स्कूटी एक्टिवा, स्कूटी हीरो मैस्ट्रो, बजाज चेतक स्कूटर एमपी 17 एफ 0840, सुजकी एक्ससे स्कूटी एमपी 17 एस 5368, सुजकी मैक्स एमपी 17 एचआर 2046, टीव्हीएस अपाची लाल 160 सीसी, हीरो होंडा स्पलेंडर, कनैटिक, सुजकी मैक्स 100 यूपी 1763 बी 3587, होंडा एक्टीवा, हीरो होंडा सीडी 100, बजाज डिस्कवर, यमहा एबेंजर एमएच 06 एक्स 4676, टीव्हीएस स्कूटी पप, स्कूटर बजाज सुपर, कनैटिक बजाज स्कूटर एमपी 17 ई 1069, हीरो होंडा 100, टीव्हीएस लूना, बजाज स्कूटर, हीरो होंडा स्पलेंडर, राजदूत पुरानी, राजदूत पुरानी बिना नंबर की थाने में मौजूद हैं जिन्हें वाहन मालिक वैध दस्तावेज दिखाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें, कलेक्टर ने ए.पी.सी. बैठक की तैयारियों की समीक्षा की



**रीवा।** आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जाने वाली संभागीय समीक्षा बैठक से पूर्व कलेक्टर ने तैयारी बैठक में कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिले में दलहनी एवं तिलहनी फसल का रकबा बढ़ाने के लिये भी किसानों को प्रेरित किया जाय।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। किसानों को धान के उत्पादन से हटकर दलहन व तिलहन फसलों के उत्पादन के लिये प्रेरित करें। दलहन व तिलहन बीज किसानों तक पहुंचायें। कृषि के अतिरिक्त किसानों को उद्यानिकी एवं पशुपालन के साथ मत्स्यपालन की गतिविधियों से जोड़े ताकि कृषि लाभ का धंधा बन सके। उन्होंने बीज समितियों के लायसेंस प्राप्त होने तथा डबल लाक केन्द्रों के आधुनिकरण के तहत चोरहटा, जवा व मऊगंज में बनाये गये केन्द्रों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने पीओएस प्रविष्टि के आधार पर उर्वरक का आवंटन किये जाने तथा कालाबाजारी व अवैध भण्डारण का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने ई मंडी योजनान्तर्गत कृषकों को फसल विक्री की सुविधा व भुगतान की भी जानकारी प्राप्त की। तैयारी बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी फसलों के रकबे में वृद्धि किये जाने तथा बढ़े रकबे की गिरदावरी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत किसानों का ई पंजीयन भी करायें। बैठक में पशु पालकों व मत्स्यपालकों के केसीसी बनाने तथा मत्स्य समितियों के बैंक खाते खोले जाने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने सहकारी बैंक की ऋण वसूली बढ़ाने तथा जमा राशि बढ़ाये जाने के निर्देश सहकारी बैंक के प्रतिनिधि को दिये। उन्होंने मंडी बोर्ड के अधिकारी को निर्देशित किया कि मंडियों के बैंक खाते सहकारी बैंक में ही रहें यह सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि, उद्यानिकी,

# मऊगंज में आबकारी टीम ने आज फिर से की ताबड़तोड़ कार्यवाही

### 234250 की शराब पर की कार्यवाही

### एक हफ्ते के 2 दिन की कार्रवाई में 399550 की शराब पर की गई कार्रवाई



**मऊगंज।** आबकारी विभाग की टीम ने अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम-गोदरी मे सुनीता प्रजापति के रिहायशी माकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन,शिवाकरण प्रजापति के रिहायशी माकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 05 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,ग्राम-पौपखरा मे हीरालाल साकेत के रिहायशी माकान से 240 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 07 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,निर्मला साकेत के रिहायशी माकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन ग्राम-बाकूलिया मे मीना प्रजापति के रिहायशी मकान से 220 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-पन्नी मे हिंछलाल प्रजापति के रिहायशी माकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-ब्राम्हगढ मे श्यामकली साकेत के रिहायशी माकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन,संगीता साकेत के रिहायशी माकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन,फूलबसुआ साकेत के रिहायशी माकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-बरौहा मे छोटे साकेत के रिहायशी माकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-बहियारी मे मुन्नी लाल साकेत के रिहायशी माकान से 220 किलोग्राम महुआ लाहन, छेदीलाल साकेत के रिहायशी माकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन,बिमला साकेत के रिहायशी माकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर म॰प्र॰ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। आज की कार्यवाही में कुल 13 प्रकरणों मे 2320 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 234250 रुपए /- है।सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# प्रिंट रेट से ज्यादा दाम पर बिक रही शराब, जिम्मेदार विभाग मौन

### गाँव-गाँव हो रही सप्लाई




**मऊगंज।** जिले सहित कस्बो में संचालित शासकीय शराब दुकानों पर आबकारी नीति का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। ठेकेदार न केवल बिना रेट लिस्ट लगाए शराब बेच रहे हैं, बल्कि प्रिंट रेट से 10 रुपए से लेकर 30 रुपए अधिक वसूल कर उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली भी कर रहे हैं।ग्राहकों और सेल्समैन के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है, लेकिन आबकारी विभाग केवल औपचारिकता निभाने तक सीमित है। विभाग की निष्क्रियता और अधिकारियों की मिलीभगत के चलते यह अवैध खेल दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

#### ग्रामीणों का विरोध, ठेकेदार की ताकत के आगे फीका

शराब के बढ़े हुए दाम और रेट लिस्ट के अभाव को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विरोध भी दर्ज कराया, लेकिन पैसे और रसूख के आगे इनकी आवाजें दबा दी जाती हैं। मऊगंज, नईगढ़ी, शाहपुर, खटखरी और हनुमना जैसे इलाकों में खुलेआम शराब की ओवररेटिंग हो रही है, और यह सबकुछ जिम्मेदारों की मौन स्वीकृति से संभव हो रहा है।

#### अवैध पैकारी का बोलबाला, गांव-गांव बिक रही शराब

लाइसेंसी ठेकेदारों के कार्यकर्ता ग्रामीण अंचलों में धड़ल्ले से अवैध शराब की पैकारी कर रहे हैं। मुख्य बाजार हो या फिर गांव की गलियां, हर ओर शराब की अवैध बिक्री का जाल फैला हुआ है। ठेकेदारों द्वारा बनाई गई इन पैकारियों को आबकारी अमले और स्थानीय प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है।सूत्रों की मानें तो यह सब कुछ "फिक्स सिस्टम" के तहत हो रहा है — जिससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि क्षेत्र में अराजकता और अपराध भी बढ़ रहे हैं।

#### मुख्य मार्ग बना शराब अड्डा, आए दिन होता है जाम और हादसे

बाजार में शराब दुकान के पास शाम ढलते ही शराबियों की भीड़ लग जाती है। सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े हो जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है। कई बार हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन का रवैया पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।समाजसेवियों ने कई बार विरोध प्रदर्शन किए, लेकिन नतीजा शून्य। शराब ठेकेदारों का स्थानीय स्तर पर इतना प्रभाव है कि कोई भी अधिकारी कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं करता।

#### कोरमपूर्ति तक सीमित जिम्मेदार, शराब माफिया की बढ़ रही जड़ें

ग्रामीणों के मुताबिक शराब की अवैध बिक्री और पैकारी को ठेकेदार खुद संचालित कर रहे हैं। आबकारी विभाग और पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से यह कारोबार फल-फूल रहा है।शिकायतों के बाद भी केवल कोरम पूरा करने के लिए हल्की-फुल्की कार्रवाई की जाती है, ताकि दिखाया जा सके कि विभाग सजग है।दरअसल, कार्रवाई ठेकेदार की मर्जी से होती है और अधिक विरोध करने वालों को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती है। यही वजह है कि ग्रामीण अब आवाज उठाने से भी डरने लगे हैं।

#### आपका कहना है

शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक वसूली, रेट लिस्ट का अभाव और अवैध पैकारी, ये तीनों ही बातें आबकारी नीति का सीधा उल्लंघन हैं। बावजूद इसके जिले में इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।दो तीन दुकानो का मामला सज्ञान मे आया है कि ज्यादा दर पर शराब की बेची जा रही छापामार कार्रवाई की जायेगी दोषियो पर कार्रवाई की जायेगी

**संजय जैन - कलेक्टर मऊगंज**